FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

इस प्रश्न–पत्र में 31 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं ।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | | कोड नं. 44/AS/3–**A**

# हिन्दी
# (201)

परीक्षा का दिन व दिनांक ____________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ____________________

2. ____________________

---

**सामान्य अनुदेश :**

1 परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि पुस्तिका के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) या (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।

4 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

5 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

6 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पुस्तिका की कोड संख्या **44/AS/3–A** लिखें ।



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

# हिन्दी
# (201)

समय : 3 घण्टे पूर्णाङ्क : 100

निर्देश :

1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2 सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर दीजिए ।

3 प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिए गए हैं ।

4 प्रश्न संख्या 1 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तरों में चार–चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं । इनमें से सही उत्तर वाला विकल्प अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये ।

5 अपठित गद्यांश और पद्यांश वाले प्रश्नों में भी दो–दो प्रश्नों के उत्तरों में चार–चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं । इनमें से सही विकल्प वाले उत्तर को भी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये ।

firstranker.com

1 "सो जननी, सो पिता, सोइ भाई, सो भामिनि, सो सुतु, सो हितु मेरो"– काव्य–पंक्ति में 'सो' सर्वनाम किसके लिए प्रयुक्त है ? 1

(A) कवि (B) पाठक

(C) गुरु (D) राम

2 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में 'चटुल' किसे कहा गया है ? 1

(A) चने को (B) मेंढक को

(C) मछली को (D) पक्षी को

3 "हल्दीघाटी के शिलाखंड
ऐ दुर्ग सिंहगढ़ के प्रचंड"–काव्य–पंक्तियों में सिंहगढ़ का संबंध है : 1

(A) लक्ष्मीबाई से (B) अकबर से

(C) जोधाबाई से (D) शिवाजी से



www.FirstRanker.com

4 'बहुत दिनों के बाद' कविता में किस परिवेश का चित्रण है? 1

(A) कस्बाई (B) शहरी

(C) गँवई (D) महानगरीय

5 'धूपबत्ती : बुझी, जली' किस विधा की रचना है? 1

(A) कहानी (B) एकांकी

(C) निबंध (D) संस्मरण

6 बछेंद्रीपाल का संबंध है : 1

(A) विज्ञान से (B) साहित्य से

(C) कला–संगीत से (D) पर्वतारोहण से

7 'बहादुर' शीर्षक कहानी में लेखक के पुत्र का नाम है : 1

(A) किशोर (B) कुमार

(C) कृष्णकुमार (D) कृष्णकिशोर

8 "इस पंचायती घर में हम प्रेम भी तो नहीं कर सकते" – यह कथन है : 1

(A) कुसुम का (B) बनवारी का

(C) सुमित्रा का (D) लाजो का

9 विस्तार से कही गई बात को कम शब्दों में व्यक्त करने की कला कहलाती है : 1

(A) भाव पल्लवन (B) सार–लेखन

(C) व्याख्या लेखन (D) अनुच्छेद लेखन

10 जिसके समान कोई दूसरा न हो, वह है : 1

(A) असमान (B) असामान्य

(C) अद्वितीय (D) अतुलनीय

11 मित्र के लिए अभिवादन होता है : 1

(A) प्रणाम (B) नमस्ते

(C) चरण–स्पर्श (D) श्रद्धा निवेदन

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

12 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

महाकवि शेखसादी धर्म के नियमों का पालन करने में कभी ढील नहीं करते थे। वे रोज पाँच बार नमाज़ पढ़ने मस्जिद में जाया करते थे। उनका बेटा बड़ा हुआ तो उन्होंने उसे स्नेह के साथ समझाया कि नमाज़ पढ़ने से, अल्लाह की इबादत करने से इन्सान को अच्छा बनने में मदद मिलती है।

बेटे ने अब्बा हुजूर की इस नसीहत को पसंद किया। एक दिन सुबह की नमाज़ में वे बेटे को भी साथ ले गए। हल्का–हल्का अँधेरा था। आसमान में तारे चमक रहे थे। मस्जिद से लौटते हुए अँधेरा कुछ कम हो गया। बेटे ने देखा कि राह में दोनों ओर मकानों में बहुत से आदमी अब भी पड़े सो रहे हैं।

महाकवि शेखसादी का बेटा पहली ही बार नमाज़ पढ़ने गया था, उनके मन में नया उत्साह था। वह बोला, ''अब्बा हुजूर ! ये लोग कितने अज्ञानी और पापी हैं कि नमाज़ पढ़ने नहीं गए और पड़े सो रहे हैं।''

महाकवि शेखसादी ने दुख भरी कटु आवाज में कहा, ''बेटे ! कितना अच्छा होता जो तू भी सोता रहता और नमाज़ पढ़ने न आता।''

''ऐसा क्यों कहते हैं अब्बा हुजूर?'' पुत्र ने आश्चर्य मिश्रित भाव में पूछा। महाकवि शेखसादी बोले, ''तब तू दूसरों की बुराईयाँ खोजने के भयंकर पाप से बचा तो रहता।''

शेखसादी की बात पूरी हो गई परन्तु आवश्यकता है उसकी गहराई को समझने की। गहराई यह है कि बुराइयाँ या कमियाँ तो सभी में कुछ न कुछ होती हैं। इसलिए हम अपनी बुराइयाँ खोजकर उन्हें दूर करते हुए स्वयं को ऊँचा उठाने का प्रयास करें तो उचित होगा । दूसरों की बुराइयों की खोज करते रहने से पहली हानि तो यह होगी कि हमें दूसरों की बुराइयाँ खोजने की बुरी आदत पड़ जाएगी। दूसरी हानि यह होगी कि हममें अभिमान आ जाएगा जो मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु माना गया है। अपनी कमियों पर और दूसरों की अच्छाई पर ध्यान देने की आदत एक ऐसा दीपक है जो हमें अपने मन में जलाए रखना चाहिए।

प्रश्न :

(i) शेखसादी कौन थे? उन्होंने अपने पुत्र को क्या समझाया? 2

(ii) पुत्र ने मस्जिद से लौटते हुए क्या देखा और देखकर क्या कहा? 2

(iii) शेखसादी की आवाज़ कड़वी क्यों हो गई? उन्होंने बेटे से क्या कहा? 2

(iv) दूसरों की बुराइयाँ खोजने से कौन–सी दो हानियाँ होती हैं? 2

(v) महाकवि के अनुसार बेटे ने क्या पाप कर दिया था ? 2

(vi) अपने मन में कौन–सा दीपक जलाना चाहिए? 1

(vii) 'अब्बा' का पर्यायवाची शब्द है : 1

(A) शेख (B) तात

(C) वत्स (D) पुत्र

(viii) उपर्युक्त अवतरण से क्या शिक्षा मिलती है? 1

(A) नमाज़ रोज पढ़नी चाहिए

(B) दूसरों की बुराई नहीं देखनी चाहिए

(C) बेटे को नसीहत देनी चाहिए

(D) देर तक नहीं सोना चाहिए



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

**13** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अतुलनीय जिनके प्रताप का,
साक्षी है प्रत्यक्ष दिवाकर।

घूम-घूम कर देख चुका है,
जिनकी निर्मल कीर्ति निशाकर।

देख चुके हैं जिनका वैभव,
ये नभ के अनंत तारागण।

अगणित बार सुन चुका है नभ,
जिनका विजय-घोष रण-गर्जन।

शोभित है सर्वोच्च मुकुट से,
जिनके दिव्य देश का मस्तक।

गूँज रही हैं सकल दिशाएँ,
जिनके जय गीतों से अब तक।

जिनकी महिमा का है अविरल,
साक्षी सत्य-रूप हिमगिरिवर।

उतरा करते थे विमान-दल,
जिसके विस्तृत वक्ष-स्थल पर।

प्रश्न :

(i) दिवाकर और निशाकर का क्या अर्थ है? उन्होंने क्या देखा है? **2**

(ii) आकाश और तारागण किसके गवाह हैं? **2**

(iii) भारत का मस्तक है : **1**

(A) समुद्र (B) आकाश

(C) हिमालय (D) सूर्य

(iv) अवतरित अंश का मूल भाव है : **1**

(A) प्रकृति-चित्रण (B) स्वदेश-प्रेम

(C) ऋतु-वर्णन (D) कवित्व प्रदर्शन



firstranker.com
www.FirstRanker.com

14 'बहुत दिनों के बाद' कविता में कवि ने लंबे अरसे के बाद किसका रूप देखा था? 1

15 'मेघ आए' कविता में 'बरस बाद सुध ली' किसने कहा है? 1

16 "पहले लेट हुई। फिर ओवरलोड हो गई।" यह उक्ति किसके बारे में है? 1

17 आदिवासी अपने पर्व–त्योहारों में किसके प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करते हैं? 1

18 संपर्क भाषा का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

19 (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए : 2

अन्वेषण, जगदीश्वर, रेखांकित

(ख) 'अन' और 'बे' उपसर्गों से दो–दो शब्द बनाइए । 2

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के विलोम शब्द लिखिए : 2

कृत्रिम, वक्र, अस्त

20 निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 2

अँगूठा चूसना, नाक रगड़ना, गागर में सागर भरना

21 निम्नलिखित शब्द–युग्मों में से किन्हीं दो युग्मों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 4

कृपण–कृपाण, अचार–आचार, जान–ज्ञान



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

22 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 5

(क) प्रतीक ने बोला कि वह आ सकता है।

(ख) आपने क्या करा ?

(ग) मैंने दो केला खाया।

(घ) यह हमारे देश के लिए चिंता की विषय है।

(ङ) आप मेरे लिए क्या लाए हो?

23 फ़ीचर का महत्व बताइए। 1

24 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता के आधार पर ग्रामीण अंचल की प्रकृति का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए। 5

25 'धूपबत्ती : बुझी, जली' के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 5

26 सिगरेट पीने से होने वाली हानियों का उल्लेख करते हुए अपने विचार लिखिए। 4

27 आपने 1 दर्जन केले प्रति दर्जन 25 रु. में, 500 ग्राम चाय की पत्ती प्रति किलो 400 रु. की दर में, 12 किलो आटा प्रति किलो 20 रु. दी दर में, 5 किलो चीनी प्रति किलो 35 रु. की दर में और प्रति किलो 10 रु की दर में 10 किलो आलू खरीदे। रसीद की एक तालिका बनाइए। 5

28 ट्रैफिक की भीड़-भाड़ के चलते आपकी ट्रेन छूट गई। इससे आपके मन में होने वाली प्रतिक्रिया के बारे में लिखिए। 5

29 अपने गाँव के किसी सांस्कृतिक समारोह की विशेषता बताते हुए उसमें भाग लेने के लिए अपने मित्र को पत्र लिखकर आमंत्रित कीजिए। 7

**अथवा**

अपनी खोई साइकिल की जाँच करने के लिए स्थानीय पुलिस अधिकारी को पूर्ण विवरण सहित एक पत्र लिखिए।



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

30 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 50–60 शब्दों में अपने विचार व्यक्त कीजिए : 5

(क) संतोषं परम सुखम्

(ख) स्वास्थ्य ही संपदा है

(ग) मेरा देश महान

(घ) नर–नारी में भेद नहीं

31 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) राष्ट्रीय एकता

(ख) भारत के गाँव

(ग) परमाणु बम के खतरे

(घ) यदि मैं धनवान होता।

firstranker.com



www.FirstRanker.com